रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/94

REGD. NO. D.L.-33004/94

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 29, 1994/वैशाख 9, 1916
No. 12] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 29, 1994/VAISAKHA 9, 1916

फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजैक्ट अधिकारी (नियुक्ति, वेतन और भत्ते) विनियम, 1994

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 1994

फ्रूट एण्ड वैजिटेबल प्रोजक्ट अधिकारी (नियुक्ति वेतन और भत्ते विनियम, 1994)

संदर्भ : डीईएल : रा.डे.वि. बोर्ड :—राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड अधिनियम, 1987 (1987 का 37) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का और उस निमित उसे समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का निदेशक बोर्ड इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :—

अध्याय—1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

(1) इस विनियम का संक्षिप्त नाम फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजक्ट अधिकारी (नियुक्ति, वेतन और भत्ते), विनियम, 1994 है ।

(1) ये तुरन्त लागू होंगे ।

2. लागू होना :

(1) नियुक्ति प्रतिनियुक्ति या सेकेंडमेन्ट की संविदा, करार या आदेश के निबंधनों द्वारा अभिव्यक्त रूप से जैसा अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाए ये विनियम फ्रूट एण्ड वैजिटेबल प्रोजेक्ट के प्रत्येक अधिकारी को लागू होंगे चाहे प्रोजक्ट में उसकी सेवा इस आदेश के पूर्व या पश्चात् आरंभ हुई हो ।

(2) शंकाओं को दूर करने के लिए इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट एक प्रथक स्थापन है जो स्वयं अपने कर्मचारियों को नियोजित करता है जिन्हें ये विनियम लागू होंगे ।

(3) उप-विनियम (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी ये विनियम राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के ऐसे किसी अधिकारी को लागू नहीं होंगे जो फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्राजेक्ट में किसी समनुदेशन पर है, और ऐसे प्रत्येक अधिकारी को वे विनियम लागू होंगे जो उसे पहले ही लागू हैं ।

3. परिभाषा :

इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का किसी अधिकारी के संबंध में अर्थ है फ्रूट एण्ड वैजिटेबल प्रोजेक्ट प्रबंध समिति या ऐसा विनिर्दिष्ट सदस्य जो उस अधि-

कारी द्वारा धारित पद पर या उक्त अधिकारी को लागू होने वाले ग्रेड में किसी पद पर नियुक्ति करने के लिए तत्समय सक्षम है ।

(ख) "बोर्ड" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का निदेशक बोर्ड ।

(ग) "बोर्ड का अध्यक्ष" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का अध्यक्ष और इसके अंतर्गत बोर्ड के अध्यक्ष के कृत्यों का पालन करने वाला कोई व्यक्ति भी है ।

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" का किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी के संबंध में या किसी विषय के बारे में अर्थ है :—

(1) फूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट की प्रबंध समिति या उसका विनिर्दिष्ट सदस्य जिसे, जहां तक नियुक्ति, निलम्बन, सेवा के समापन या उससे पदच्युति से संबंधित विषयों का संबंध है, उस निमित्त शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं, और,

(2) प्रबंध समिति या विनिर्दिष्ट सदस्य जिसके प्रति खण्ड (1) में निर्देश किया गया है या प्राजेक्ट का कोई अन्य अधिकारी जिसे अन्य सभी विषयों के संबंध में उस निमित्त शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है ।

(ङ) "कर्मचारी" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट का कोई अधिकारी या कर्मकार।

(च) "महाप्रबंधक" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट का मुख्य अधिशासक या उस रूप में स्थानापन्न अथवा मुख्य अधिशासक के कर्तव्यों का पालन करने वाला कोई अन्य अधिकारी ।

(छ) "सरकार" का अर्थ है केन्द्रीय सरकार या कोई राज्य सरकार,

(ज) "सरकारी सेवक" का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी सेवा का सदस्य है या कोई सिविल पद धारण करता है और इसके अंतर्गत उनका विदेश सेवा में ऐसा कोई व्यक्ति भी है,

(झ) "धारणाधिकार" का अर्थ है तुरन्त या अनुपस्थिति की कोई अवधि या अवधियां समाप्त होने पर ऐसा कोई पद जिसे वह स्थायी हैसियत से धारण कर रहा था, अधिष्ठायी रूप से धारण करने का किसी अधिकारी का अधिकार,

(ञ) "प्रबंध समिति" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्राजेक्ट की प्रबंध समिति,

(ट) "मास" का अर्थ है ब्रिटिश कैलेण्डर के अनुसार संगणित एक मास,

(ठ) "अधिकारी" का अर्थ है औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य तत्स्थानी विधि के अर्थान्तर्गत कर्मकार से भिन्न, फूट एण्ड वेजिटेबल प्राजेक्ट का कोई कर्मचारी,

(ड) "स्थानापन्न के रूप में काम करना" का किसी पद के प्रति निर्देश से किसी अधिकारी के संबंध में अर्थ है किसी अधिकारी द्वारा उस पर में एक अस्थायी इंतजाम के रूप में कर्तव्यों का पालन करना,

(ढ) "संगठन" के अंतर्गत कोई फार्म भी है,

(ण) "स्थायी अधिकारी" का अर्थ है ऐसा अधिकारी जो स्थायी पद पर नियोजित है और जिसे सम्यक रूप से पुष्ट कर दिया गया है,

(त) "वैयक्तिक वेतन" का अर्थ है किसी अधिकारी को—

(1) उसे वेतन के पुनरीक्षण के कारण या अनुशासनिक उपाय से अन्यथा मूल वेतन की किसी कमी के कारण किसी स्थायी पद के बारे में मूल वेतन की किसी हानि से बचाने के लिए, या

(2) असाधारण परिस्थितियों में, विशेष रूप से विचार करके, मंजूर किया गया अतिरिक्त वेतन ।

(थ) "प्रोजेक्ट" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट,

(द) "विनिर्दिष्ट सदस्य" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्रोजेक्ट प्रबंध समिति का वह सदस्य जिसे बोर्ड, समय-समय पर, उस रूप में विनिर्दिष्ट करे,

(ध) "प्रशिक्षणार्थी" का अर्थ है सीखने वाला, चाहे किसी भी नाम से बुलाया जाए, जो किसी विशेष करार के निबंधनों के अनुसार वृत्तिक सहित या उसके बिना, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नियोजित है,

(न) "अस्थायी अधिकारी" का अर्थ है ऐसा अधिकारी—

(1) जो ऐसा कार्य करने के लिए अस्थायी रूप से नियोजित है जिसके एक सीमित अवधि के भीतर पूरा हो जाने की संभावना है, या

(2) जो कार्यभार में अस्थायी वृद्धि के संबंध में एक अतिरिक्त अधिकारी के रूप में अस्थायी रूप से नियोजित है, या

(3) जो किसी स्थायी पद पर उस समय तक के लिए जब तक कि वह स्थायी पद भर नहीं दिया जाता है, अस्थायी रूप से नियुक्त है ।

(प) "कर्मकार" का अर्थ है फूट एण्ड वेजिटेबल प्राजेक्ट का ऐसा कोई कर्मचारी जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य तत्स्थानी विधि के अर्थान्तर्गत एक कर्मकार है।

अध्याय—2

नियुक्तियों, परिवीक्षा और सेवाओं का स्थापन

पदों का सृजन और नियुक्तियां—

(1) प्राजेक्ट में सभी पद प्रबंध समिति द्वारा सृजित किए जाएंगे और प्रबंध समिति आदेश द्वारा, ऐसी साधारण या विशेष शर्तों के अधीन जिन्हें अधिरोपित करना वह ठीक समझे, किसी अधिकारी या अधिकारी-वर्ग की नियुक्ति की शक्तियां विनिर्दिष्ट सदस्य को प्रत्यायोजित कर सकेगी ।

(2) इन विनियमों के प्रारंभ की तारीख के पश्चात् और प्रबंध समिति द्वारा उसके प्रकाशन की तारीख से पूर्व किया गया नियुक्ति की शक्तियों का प्रत्येक प्रत्यायोजन, इन विनियमों के अधीन किया गया प्रत्यायोजन समझा जाएगा और वह वैसे ही विधिमान्य और प्रभावी होगा मानो कि उस दिन ये विनियम प्रवृत्त थे ।

(3) प्रबंध समिति समय-समय पर वह अनुभव, शैक्षिक और अन्य अर्हताएं जैसे कि आयु, जो प्रोजेक्ट में किसी पद की बाबत आवश्यक या वांछनीय है, विनिर्दिष्ट करने के लिए सक्षम होगी । परन्तु इन विनियमों के प्रकाशन की तारीख को अधिकारियों द्वारा धारित पदों के संबंध में अर्हता, अनुभव या आयु के ऐसे विनिर्देश उस तारीख को अधिकारियों द्वारा धारित उनके पदों में बने रहने को प्रभावित नहीं करेंगे ।

(4) सेवा की प्रत्येक नियुक्ति की यह एक शर्त होगी कि अधिकारी, नियुक्ति प्राधिकारी को अपना निवास का पता सूचित करें और इन विनियमों के प्रयोजन के लिए, इस प्रकार सूचित किए गए पते को उस अधिकारी का सही पता माना जाएगा ।

(5) चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन

नियुक्ति प्राधिकारी या कोई अन्य अधिकारी ऐसे व्यक्ति के जिसका एक अधिकारी के रूप में चयन किया गया है, चरित्र और पूर्ववृत्त का ऐसी रीति में सत्यापन करेगा जो, यथास्थिति, वह प्राधिकारी या अधिकारी ठीक समझें ।

(6) नियुक्ति पर वेतन

सभी प्रारंभिक नियुक्तियां साधारणतया, उस पद को जिस पर संबंधित अधिकारी नियुक्त किया जाता है, लागू ग्रेड का न्यूनतम मूल वेतन पर होंगी । परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी, किसी मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, उस ग्रेड में किसी भी प्रक्रम पर आरंभिक मूल वेतन के नियत किए जाने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा ।

(7) आयु सीमा

(1) प्राजेक्ट की सेवा में उसकी प्रथम नियुक्ति के समय किसी व्यक्ति की आयु अठारह वर्ष से कम या समय-समय पर विनिर्दिष्ट से अधिक नहीं होगी ।

(2) प्रबंध समिति उससे संबद्ध परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यह घोषित कर सकेगी कि विशिष्ट मामले या किसी वर्ग या वर्गों की कोटि में उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट जैसी कोई आयु सीमा नहीं होगी ।

(8) सेवाओं का प्रारंभ

इन विनियमों में अन्यथा जैसा उपबंधित है, उसके सिवाय किसी पद पर नियुक्त किसी अधिकारी की सेवा की बाबत समझा जाएगा कि वह उस कार्य दिवस को आरंभ होगी जब कोई अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी या संबंधित अधिकारी द्वारा उसे सूचित विनिर्दिष्ट स्थान और समय पर कर्तव्य (ड्यूटी) के लिए उपस्थित होता है, परन्तु जहां ऐसी उपस्थिति पूर्वाह्न में होती है वहां सेवा उसी दिन आरंभ होगी और जहां ऐसी उपस्थिति उसके पश्चात् होती है वहां सेवा आगामी दिन से आरंभ होगी ।

(9) नियुक्ति पर परिवीक्षा

(1) किसी अधिकारी के पद पर नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति अपनी प्रथम नियुक्ति पर, कार्यभार ग्रहण की तारीख से कम से कम छह मास की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा और परिवीक्षा की अवधि तब तक चलती रहेगी जब तक वह नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिखित रूप में पुष्ट नहीं कर दिया जाता है ।

(2) प्रबंध समिति, स्वविवेकानुसार, किसी अधिकारी या अधिकारियों की परीवीक्षा की अवधि से छूट दे सकेगी या उसे घटा सकेगी ।

(3) नियुक्ति की और सेवा के आरंभ होने की यह एक शर्त होगी कि परिवीक्षा की अवधि के दौरान अधिकारी कोई सूचना दिए बिना या उसके लिए कोई कारण बताए बिना सेवा से उन्मुक्त किया जा सकेगा ।

(10) प्रोन्नति पर नियुक्ति

(1) ऐसे अधिकारी की जो पहले ही सेवा में है, प्रोन्नति के रूप में किसी पद पर नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा रिक्त पदों की संख्या, प्राजेक्ट की आवश्यकताओं और उस अधिकारी द्वारा की गई सेवा की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर ही की जाएगी ।

(2) किसी पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र होने के लिए अधिकारी के पास उस पद के लिए विनिर्दिष्ट अर्हता होगी और उसे निचले पद में उतने वर्ष जितने प्रबंध समिति द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं, सेवा करनी होगी और यह सीमा विनिर्दिष्ट सदस्य की सिफारिश पर प्रबंध समिति द्वारा (अपवादिक मामलों में) शिथिल की जा सकेगी ।

(3) किसी पद के लिए विनिर्दिष्ट अर्हताएं, अनुभव, आयु आदि किसी अधिकारी के मामले में, उसकी प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए, विनिर्दिष्ट सदस्य की सिफारिश पर प्रबंध समिति द्वारा शिथिल की जा सकेगी ।

(4) इस विनियम या किसी अधिकारी को लागू किसी अन्य विनियम में अंतर्विष्ट किसी बात की बाबत यह नहीं समझा जाएगा कि उसमें यह विवक्षित है कि वह अधिकारतः प्रोन्नति का हकदार है या यह कि वह ऐसे अधिकारी द्वारा किसी विशिष्ट काडर या ग्रेड में की गई सेवा की अवधि को ध्यान में रखे बिना उसके बारे में किसी दावे का आग्रह करने के लिए उसे समर्थ बनाती है ।

(11) प्रोन्नति पर परिवीक्षा

(1) प्रत्येक अधिकारी जो उच्चतर पद पर प्रोन्नत किया गया है (जिसके अंतर्गत एक अधिकारी के रूप में प्रोन्नत किया गया कर्मकार भी है), उच्चतर पद में, प्रोन्नति पर अपने कर्तव्य ग्रहण की तारीख से कम से कम छह मास की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा और परिवीक्षा की अवधि तब तक चलती रहेगी जब तक कि वह नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उच्चतर पद में पुष्ट नहीं कर दिया जाता है और उस अवधि के दौरान वह अधिकारी निचले पद पर अपना धारणाधिकार रखे रहेगा तथा वह अवधि सभी प्रयोजनों के लिए, उस निचले पद में पुष्ट सेवा के रूप में जानी जाएगी ।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, स्वविवेकानुसार, परिवीक्षा की अवधि में छूट दे सकेगा या उसे घटा सकेगा ।

(3) किसी उच्चतर पद पर प्रत्येक प्रोन्नति की यह विवक्षित शर्त होगी कि उस उच्चतर पद में परिवीक्षा की अवधि के दौरान अधिकारी, किसी सूचना के बिना और कोई कारण बताए बिना, निचले पद पर प्रतिधर्तित किया जा सकेगा ।

(12) स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र

कोई भी व्यक्ति प्राजेक्ट में किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे महाप्रबंधक द्वारा अनुमोदित किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा व्यवसायी द्वारा स्वस्थ शारीरिक गठन वाला और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए चिकित्सक दृष्टयोग्य प्रमाणित कर दिया गया है और ऐसी परीक्षा के खर्च प्राजेक्ट द्वारा वहन किए जाएंगे ।

(13) अस्थायी अधिकारी स्थायित्व का अधिकारतः दावा नहीं करेंगे :

किसी अस्थायी पद पर एक अधिकारी के रूप में नियुक्ति कोई व्यक्ति स्थायी स्वरूप के किसी नियोजन के संबंध में, अन्य बातों के साथ निम्नलिखित आधार पर न तो स्थायित्व का दावा कर सकता है और न उसे कोई पूर्विक दावा प्राप्त होगा ,--

(क) यह कि वह स्थायी प्रकृति के या किसी स्थायी पद के कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा है, या

(ख) यह कि उसे किसी स्थायी पद पर अस्थायी रूप से नियोजित किया गया है, या

(ग) यह कि काम पर लगाए जाने की उसकी अवधि मूलतः नियत की गई अवधि के परे बढ़ा दी गई है ।

(14) भूतपूर्व कर्मचारी सामान्यतया अपात्र होंगे

कोई भी व्यक्ति–

(1) जो प्राजेक्ट की सेवा से पदच्युत किया जा चुका है, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा,

(2) जो प्राजेक्ट की सेवा से त्यागपत्र दे चुका है या सेवा निवृत हो चुका है अथवा जिसकी सेवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा समाप्त की गई थी, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

(15) आयु का अभिलेख

(1) प्रत्येक अधिकारी अपनी प्रथम नियुक्ति पर और ऐसा करने के लिए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा उससे अपेक्षा की जाने पर ईसवी सन के अनुसार अपनी जन्म तिथि घोषित करेगा और वह प्रमाणपत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र या उस प्राधिकारी को स्वीकार्य कोई अन्य दस्तावेज उपलब्ध करके ऐसे प्राधिकारी को समाधानप्रद रूप में उसका साक्ष्य प्रस्तुत करेगा ।

(2) ऐसे अधिकारी को जो उप-विनियम (1) में अपेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत करने में असमर्थ है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा, किसी मजिस्ट्रेट या शपथ आयुक्त के समक्ष शपथित शपथपत्र जिसमें यह घोषणा की गई हो कि उसके द्वारा कथित आयु सही है, फाइल करने की अनुग्रह दी जा सकेगी, परन्तु यदि किसी समय यह कथन मिथ्या पाया जाता है तो उसका नियोजन किसी भी समय समाप्त किया जा सकेगा और ऐसी प्रत्येक समाप्ति, ऐसी किसी अन्य विधिक कार्यवाही पर जो अधिकारी के विरुद्ध की जाए, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगी । परन्तु ऐसे प्रत्येक मामले में समापन का आदेश करने से पूर्व संबंधित अधिकारी को कारण बताने का अवसर दिया जाएगा ।

(3) उपविनियम (2) के अधीन समापन के किसी आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रबंध समिति को एक अपील फाइल कर सकेगा और प्रबंध समिति ऐसी जांच कर सकेगी (ऐसी जांच करवा सकेगी) जो वह ठीक समझे और उस पर ऐसा आदेश पारित कर सकेगी जो समुचित हो तथा प्रबंध समिति का ऐसा प्रत्येक विनिश्चय अंतिम होगा ।

(4) ऐसे अधिकारी की दशा में जो अपनी ठीक-ठीक जन्म तिथि के विषय में शपथ लेने में असमर्थ है किन्तु लगभग वर्ष या मास बता सकता है, पूर्वगामी मामले में जुलाई की प्रथम और पश्चातवर्ती मामले में मास की प्रथम तारीख को प्राजेक्ट के अभिलेखों के लिए तब जन्म तिथि माना जा सकता है जब कि आयु प्राजेक्ट द्वारा प्राधिकृत

किसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित हो और अधिकारी की आयु के बारे में चिकित्सा अधिकारी की राय अंतिम और अधिकारी पर बाध्यकर होगी ।

(5) उसके पश्चात किसी अधिकारी को अपने नियोजन के समय उसके द्वारा घोषित आयु या प्रोजेक्ट द्वारा अवधारित और स्वीकृत आयु को बदलने या उसे प्रश्नगत अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(16) विशिष्टियों के मिथ्या होने या उन्हें छिपाने का परिणाम

(1) यदि किसी अधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व या उस समय अथवा उसके पश्चात दी गई विशिष्टियां बाद में मिथ्या या गलत पाई जाती है या यह पाया जाता है कि कोई तात्विक विशिष्टि उसके द्वारा प्रकट नहीं की गई है या उसका दुर्वर्यपदेशन किया गया है तो नियुक्ति दुर्वर्यपदेशन करके प्राप्त की गई समझी जाएगी और उस अधिकारी की नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा समाप्त की जा सकेगी तथा ऐसा प्रत्येक समापन ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर जो उसके बारे में की जाय, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा । परन्तु ऐसे प्रत्येक मामले में संबंधित अधिकारी को समापन का कोई आदेश करने से पूर्व, कारण बताने का अवसर दिया जाएगा ।

(2) उप विनियम (1) के अधीन समापन के किसी आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रबंध समिति को एक अपील फाइल कर सकेगा और प्रबंध समिति ऐसी जांच कर सकेगी (या ऐसी जांच करवा सकेगी) जो वह ठीक समझे और उस पर ऐसे आदेश पारित कर सकेगी जो समुचित हो तथा प्रबंध समिति का ऐसा प्रत्येक विनिश्चय अंतिम होगा । परन्तु किसी अधिकारी के ऐसे जारी रखे जाने की अन्य अधिकारियों के द्वारा एक पूर्वोदाहरण के रूप में नहीं माना जाएगा ।

(17) अधिकारियों द्वारा सेवा का त्यजन और परिवीक्षाधीनों की सेवोन्मुक्ति

(1) प्रत्येक अधिकारी जो कोई स्थायी पद धारण करता है, इससे पूर्व कि उसे उस पद से जिसे वह धारण करता है, प्रयुक्त किया जा सके, सेवा छोड़ने या बन्द करने के अपने आशय की नियुक्ति प्राधिकारी को एक मास की लिखित सूचना या सूचना के बदले में एक मास का वेतन देने के लिए आबद्ध होगा और वहां ऐसी सूचना प्राप्त हो गयी है वहां नियुक्ति प्राधिकारी उस अधिकारी की सेवा को तुरन्त समाप्त कर सकेगा और ऐसे प्रत्येक मामले में अधिकारी उपर्युक्त सूचना की अनवसित अवधि के लिए वेतन के समतुल्य रकम पाने का पात्र होगा ।

(2) प्रत्येक परिवीक्षाधीन अधिकारी –

(क) एक मास की सूचना या उसके बदले में वेतन देकर सेवा से अपनी उन्मुक्ति के लिए अनुरोध कर सकेगा,

(ख) परिवीक्षा की अवधि के दौरान एक मास की सूचना या उसके बदले में वेतन देकर कोई कारण बताए बिना सेवोन्मुक्त किया जा सकेगा परन्तु ऐसे अधिकारी की दशा में जो कोई स्थायी पद धारण करता है किन्तु किसी उच्चतर पद में परिवीक्षाधीन, है, वह सेवोन्मुक्त नहीं किया जाएगा किन्तु कोई सूचना दिए बिना और कोई कारण बताए बिना अपने स्थायी पद पर प्रतिवर्तित किया जा सकेगा ।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी यह निदेश देने के लिए सक्षम होगा कि सूचना की अवधि या उसका भाग पात्र छुट्टी या सूचना की अवधि या उसके भाग के बदले में संदाय में से समायोजन द्वारा या अन्यथा कम किया जा सकता है ।

(18) पुष्टिकृत अधिकारी की सेवा का समापन :

(1) ऐसे अधिकारी की, जो प्रोजेक्ट में किसी सेवा में पुष्ट कर दिया गया है, सेवाएं इन और उसको लागू प्रोजेक्ट के अन्य विनियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार के सिवाय समाप्त नहीं की जाएंगी ।

(2) जहां नियुक्ति प्राधिकारी का, जानकारी प्राप्त होने पर या अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि किसी ऐसे अधिकारी के, जो पुष्ट कर दिया गया है, सेवा में बने रहने का उस स्थापन की, जिसमें उसे कृत्य करना है या वह कृत्य कर रहा है, सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा या वह लोक हित के लिए हानिकर या परिसंकटमय है तो, वह इन या अन्य विनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उस अधिकारी की सेवा को अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से (जो सेवोन्मुक्ति के समय उसे सांसूचित किए जाएंगे), सूचना के बदले में एक मास का वेतन उसे देकर, समाप्त कर सकेगा । परन्तु ऐसे प्रत्येक मामले में जहां साध्य है, समापन का निदेश देने से पूर्व अधिकारी को कारण बताने का एक अवसर दिया जाएगा । परन्तु यह भी कि जहां नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि कारण प्रकट करने से प्राजेक्ट पर या अधिकारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और वे दोनों सिवल या दाण्डिक कार्यवाही की जोखिम में पड़ जाएंगे, वहां ऐसी जानकारी अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से रोकी जा सकेगी ।

(3) ऐसे प्रत्येक मामले में जहां किसी अधिकारी की सेवा उप-विनियम (2) के अधीन समाप्त की गई है, उस अधिकारी को ऐसी रकमों का (जो उन रकमों से अधिक नहीं होंगी जिनके लिए वह तब हकदार हो सकता है यदि समापन की तारीख को सेवानिवृत्त हो गया होता) संदाय किया जाएगा जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएं ।

(4) किसी ऐसे अधिकारी को जिसकी सेवा समाप्त कर गई है, संदेय रकम का अवधारण करने वाला उप-विनियम (3) के अधीन प्रत्येक समापन के आदेश की सूचना

के तीस दिन के भीतर, वहां वह आदेश विनिर्दिष्ट सदस्य द्वारा पारित किया गया है वहां प्रबंध समिति को और किसी अन्य मामले में बोर्ड को अपीलीय होगा तथा ऐसी अपील के विरुद्ध किया गया प्रत्येक विनिश्चित अंतिम होगा।

(19) अधिवर्षिता और सेवानिवृत्ति

(1) इन विनियमों में जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, प्रोजेक्ट की सेवा में प्रत्येक अधिकारी अठावन वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवा निवृत्त होगा।

परन्तु प्रबंध समिति, किसी ऐसी अधिकारी के मामले में जिसने अठावन वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है, ऐसी अवधि के लिए और ऐसे निबंधनों पर जो प्रबंध समिति ठीक समझे, उसके सेवा में बने रहने का निदेश दे सकेगी यदि उसकी राय में प्रोजेक्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक है।

(2) उपविनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी को, उसका यह समाधान हो जाने पर कि ऐसा करना प्रोजेक्ट के हित में है, ऐसे किसी सेवारत अधिकारी के बारे में जिसने पचास वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है या तीस वर्ष की सेवा पूरी कर ली है।

(क) उसे, कम से कम एक मास की सूचना या उसके बदले में एक मास का वेतन देकर, सेवानिवृत करने का, या

(ख) उसे किसी निचले पद पर बने रहने का विकल्प देने का और यदि वह स्वीकार करता रहता है तो इस बात के अधीन रहते हुए कि वह अधिकारी लिखित रूप में यह दे देता है कि उसने सेवा से निवृत्ति को उसके लिए अपेक्षित एक मास की सूचना की अवधि का अधित्यजन करते हुए स्वीकार कर लिया है और यह कि वह निचले पद पर सेवा में बने रहने देने का अनुरोध करता है, तदनुसार निदेश देने का पूर्ण अधिकार होगा।

(3) ऐसा प्रत्येक अधिकारी जिसने स्थायी पद से सेवानिवृत्त कर दिए जाने का और किसी निचले पद में बने रहने का विकल्प किया है, उस अवधि में जिसके लिए वह सेवा में बना रहता है, उच्चतर पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होगा और यदि नियुक्ति प्राधिकारी प्राजेक्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक समझता है, तो वह किसी भी समय सेवा से बिल्कुल हटाया भी जा सकेगा।

(4) प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जिसे उप-विनियम (2) के अधीन सेवानिवृत्त किया गया है, (ऐसे किसी व्यक्ति जिसने किसी निचले पद में बने रहने का विकल्प किया है, से भिन्न) यथास्थिति, प्रबंध समिति या बोर्ड को विनिश्चय के विरुद्ध तीस दिन के भीतर लिखित रूप में अपील कर सकेगा तथा, यथास्थिति, प्रबंध समिति या बोर्ड, जांच करने या कराने के पश्चात् उस पर ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे।

(20) कुछ मामलों में सेवानिवृत होने का विकल्प

(1) प्रोजेक्ट का कोई अधिकारी जिसने पचास वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है या जिसने बीस वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप में कम से कम एक मास की सूचना देकर प्रोजेक्ट की सेवा से निवृत्त हो सकेगा।

(2) ऐसे अधिकारी की दशा में जो सेवा से उप-विनियम (1) के अनुसार निवृत्त होता है, उपदान के प्रयोजन के लिए, अर्हक सेवा में पांच वर्ष तक की वरीयता इस शर्त के अधीन रहते हुए जोड़ी जा सकेगी कि ऐसा करने से वह अधिकारी उस अर्हक सेवा से जो उसे तब मिलती यदि वह अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुआ होता, अधिक अर्हक सेवा नहीं मिलती है और यह कि वरीयता सहित अर्हक सेवा तीस वर्ष से अधिक की नहीं होती है।

(3) प्रत्येक अधिकारी जो इन विनियमों के अधीन सेवानिवृत्ति होता है, या सेवानिवृत्ति चुनता है, भविष्य निधि उपदान, छुट्टी मजदूरी, यात्रा भत्ते के अधीन फायदों और सामान्यता अनुध्येय अन्य फायदों का हकदार होगा।

(21) स्वास्थ्य परीक्षा की उपेक्षा

(1) महा प्रबंधक, कर्त्तव्यों की प्रकृति और अन्य संबद्ध परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसी अधिकारी या अधिकारी वर्ग से ऐसे अन्तराल पर और ऐसे चिकित्सा व्यवसायी या संस्था के समक्ष जिसे महाप्रबंधक ठीक समझे, स्वास्थ्य परीक्षा कराने की अपेक्षा कर सकेगा और महाप्रबंधक, यथास्थिति, चिकित्सा व्यवसायी या संस्था की रिपोर्ट पर कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन महाप्रबंधक का प्रत्येक विनिश्चय अंतिम और आबद्धकर होगा।

(3) उप-विनियम (1) के अधीन स्वास्थ्य परीक्षा का व्यय प्रोजेक्ट द्वारा वहन किया जाएगा और अधिकारी को कोई भी अन्य व्यय संदेय नहीं होगा।

(22) चिकित्सीय आधार पर सेवानिवृत्ति

(1) नियुक्ति प्राधिकारी विनियमय में निर्दिष्ट चिकित्सा व्यवसायी की रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात्, और ऐसी अन्य जांच जो वह ठीक समझे, करने के पश्चात् यदि उसका समाधान हो

जाता है कि अधिकारी अशक्त या अन्यथा चिकित्सक दृष्टया अयोग्य है तो, उसे एक मास की सूचना या उसके बदले में वेतन देकर अधिकारी को सेवा से निवृत्त कर सकेगा। परन्तु जहां कोई अधिकारी उस विनियम के अधीन अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षा कराने से इंकार करता है या कराने में असफल रहता है वह नियुक्ति प्राधिकारी उपलब्ध जानकारी के आधार पर कार्य कर सकेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अनुसार सेवा निवृत्ति का कोई आदेश पारित करने से पूर्व, नियुक्ति प्राधिकारी संबंधित अधिकारी को चिकित्सा व्यवसायी की या संस्था की रिपोर्ट (जो भी उपलब्ध है) की एक प्रतिलिपि और कारण बताने का एक अवसर देगा।

(3) जो अधिकारी इस विनियम के अधीन सेवानिवृत्त किया जाता है वह, ऐसे मामलों में भी जिनमें उसने पर्याप्त सेवा न की हो या आनुपातिक सेवानिवृत्ति फायदों की प्राप्ति के लिए सामान्य पात्रता संबंधी शर्तों का अनुपालन करने में असमर्थ रहा है, आनुपातिक सेवानिवृत्ति फायदों का हकदार होगा।

(4) कोई अधिकारी जो इस विनियम के अधीन सेवानिवृत्ति किया गया है, सेवानिवृत्ति के आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर, यदि विनिश्चय विनिर्दिष्ट सदस्य का है तो प्रबंध समिति को और यदि विनिश्चय प्रबंध समिति का है तो बोर्ड को एक अपील फाइल कर सकेगा और, यथास्थिति, प्रबंध समिति या बोर्ड उस पर ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे तथा ऐसा प्रत्येक आदेश अंतिम और अधिकारी पर आबद्धकर होगा।

(23) सेवा निवृत्ति की तारीख

ऐसे अधिकारी की दशा में जो मास के किसी दिन सेवानिवृत्ति की आयु पूरी करता है, वह उस मास के अंतिम दिन के अपराह्न में सेवानिवृत्ति होगा।

(24) सेवानिवृत्ति पर विशेषाधिकार छुट्टी और उसका भुनाना

(1) जहां कोई अधिकारी अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व उसके द्वारा अर्जित विशेषाधिकार छुट्टी का उस तारीख से पूर्व अग्रिम रूप से उसके लिए आवेदन करने के बावजूद सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस छुट्टी के नामंजूर कर दिया जाने के कारण उपभोग करने में असमर्थ रहा है वहां उसे सेवानिवृत्ति की सामान्य तारीख के पश्चात् उस छुट्टी का उपभोग करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी और ऐसे प्रत्येक मामले में अधिकारी ऐसी छुट्टी की अवधि के बीतने की तारीख को सेवा से निवृत्त हो जाएगा।

(2) जहां किसी अधिकारी ने अपनी सेवानिवृत्ति से पूर्व विशेषाधिकार छुट्टी संचित कर ली है जिसका उसने सेवा निवृत्ति से पूर्व उपभोग नहीं किया था, वहां उसे अधिकतम 240 दिन के अधीन रहते हुए छुट्टी मनाने की आज्ञा दी जा सकेगी जो उस अवधि के लिए जिसके लिए मनाया जाना अनुज्ञेय है संगणित सेवानिवृत्ति से तुरंत पूर्व आहरित वेतन के समतुल्य होगा।

(25) अनुशासनिक कार्यवाही के लंबित रहते सेवानिवृत्ति का स्थगन

पूर्वगामी विनियमों की किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे अधिकारी की जिसके बारे में अनुशासनिक कार्यवाही लंबित है या आरंभ की गई है, सेवा निवृत्ति को स्थगित कर सकेगा या उसकी सेवानिवृत्ति की अनुज्ञा देने से इंकार कर सकेगा।

(26) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

(1) प्रबंध समिति किसी वर्ग या कोटि के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति को सुकर बनाने के लिए कोई प्रबंध करने के लिए सक्षम होगी यदि प्रबंध समिति का समाधान हो जाता है कि प्रोजेक्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक है।

(2) इस विनियम के अधीन सेवा निवृत्ति के लिए सूत्र विकसित करने में प्रबंध समिति अपने विभिन्न कृत्यों का अधिक प्रभावकारी रूप से निष्पादन करने की आवश्यकता और साधारणतया प्रोजेक्ट के हित की अभिवृद्धि को सम्यक् रूप से ध्यान में रखेगी।

(27) छुट्टी की अवधी के पश्चात् या अन्यथा ड्यूटी का परित्याग

यदि कोई अधिकारी मूलतः मंजूर की गई या बाद में समय-समय पर बढ़ाई गई छुट्टी की अवधि के परे अनुपस्थिति बना रहता है या उसके बाहरी समानुदेशन के पश्चात्, उस प्रयोजन के लिए अनुज्ञात अवधि के भीतर अपने पद पर लौटने में असफल रहता है तो वह अपनी नियुक्ति पर आना धारणाधिकार खो देगा।

परन्तु ऐसे किसी मामले में जहां अधिकारी उपयुक्त अवधि के आठ दिन के भीतर लौट आता है और सक्षम प्राधिकारी को समाधानप्रद रूप में स्पष्टीकरण देता है, वहां उस प्राधिकारी द्वारा उसे पद को पुनः ग्रहण करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(28) कुछ मामलों में जन्मतिथि विनिर्दिष्ट करना

(1) जहां यह विश्वास करने का कारण है कि किसी अधिकारी द्वारा नियुक्ति के लिए उसके आवेदन में या प्रोजेक्ट के किसी अन्य सरकारीय अभिलेख में बताई गई जन्म तिथि को सिद्ध किया जाना है,

वहां सक्षम प्राधिकारी, आदेश द्वारा, अधिकारी से दी गई जन्म तिथि को स्थापित करने के लिए समाधानप्रद साक्ष्य पेश करने की मांग कर सकेगा और यदि संबंधित अधिकारी सक्षम प्राधिकारी को समाधानप्रद रूप में दस्तावेजी साक्ष्य पेश करने में असमर्थ है तो उससे, इस समयोजन के लिए विनिर्दिष्ट चिकित्सा व्यवसायी के समक्ष परीक्षा कराने की मांग की जा सकेगी।

(2) चिकित्सा व्यवसायी की रिपोर्ट (यदि उपलब्ध हो) की एक प्रतिलिपि संबंधित अधिकारी को दी जाएगी।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी, चिकित्सीय परीक्षक की रिपोर्ट, यदि उपलब्ध हो तो अन्य किसी साक्ष्य पर जो पेश किया जाये और अधिकारी द्वारा चिकित्सीय रिपोर्ट पर किए गए अभ्यावेदन पर यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात् जन्म तिथि अथवा उसके संबंध में, यथास्थिति, मास या वर्ष निर्दिष्ट कर सकेगा और उस पर, अधिकारी की आयु अवधारित करते हुए ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे।

(4) उप-विनिमय (3) के अधीन किए गए आदेश की एक प्रतिलिपि की उस अधिकारी पर तामील की जाएगी जिसके बारे में आदेश किया गया है।

(5) उप-विनियम (3) के अधीन आदेश से व्यथित कोई अधिकारी, प्रबंध समिति द्वारा किए गए आदेश की दशा में बोर्ड को और विनिर्दिष्ट सदस्य द्वारा किए गए आदेश की दशा में प्रबंध समिति को अपील कर सकेगा, जो अधिकारी को अपने मामले को अभ्यावेदन करने का एक अवसर देने के पश्चात् उस पर ऐसा आदेश पारित कर सकेगी जो वह ठीक समझे और ऐसा प्रत्येक आदेश अंतिम और आबद्धकर होगा।

(29) विशेषज्ञों की नियुक्ति

प्रबंध समिति, प्रोजेक्ट की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, समय-समय पर, किसी क्षेत्र में शर्तों और पदनामों पर जो प्रबंध समिति समुचित समझे, संविदा पर या अन्यथा नियुक्त कर सकेगी।

अध्याय–3

वेतन और भत्ते

(30) वेतनमान

अधिकारियों का वेतनमान, महंगाई भत्ता और (जहां लागू हो) अन्य भत्ते ऐसे होंगे जो प्रबंध समिति द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं तथा अधिकारियों के भिन्न-भिन्न वर्ग या कोटि के संबंध में भिन्न-भिन्न वेतन और भत्ते विनिर्दिष्ट किए जा सकेंगे।

(31) मकान किराया भत्ता

किसी अधिकारी को संदेय मकान किराया भत्ता वह होगा जो प्रबंध समिति द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाए और प्रबंध समिति अधिकारियों के भिन्न-भिन्न वर्ग या कोटि के संबंध में भिन्न-भिन्न दरें विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

(32) स्थल भत्ता :

उस अधिकारी को जो किसी प्राजेक्ट स्थल पर काम करने के लिए लगाया गया है, ऐसा स्थल भत्ता संदत्त किया जा सकेगा जो प्रबंध समिति, समय-समय पर, विनिर्दिष्ट करे और भत्ते का संदाय ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन होगा जो प्रबंध समिति द्वारा अनुबद्ध किए जाएं।

(33) प्राजेक्ट भत्ता :

उस अधिकारी को जिसे किसी ऐसे कार्य में लगाया गया है जिसके लिए यह आवश्यक है कि वह प्रोजेक्ट क्षेत्र में निवास करे जहां उसकी जीवन की परिस्थितियां कठिन हैं, ऐसा प्राजेक्ट भत्ता अनुज्ञात किया जा सकेगा जो प्रबंध समिति द्वारा विनिश्चित किया जाए और जो ऐसे निबंधनों और शर्तों के अधीन होगा जो प्रबंध समिति द्वारा अनुबद्ध की जाएं।

(34) स्थानापन्न भत्ता :

सक्षम प्राधिकारी किसी अधिकारी को भारत में कहीं भी अस्थायी रूप से किसी उच्चतर पद का कार्य सम्पन्न करने के लिए लिखित निदेश दे सकेगा और इस प्रायोजन के लिए उसे ऐसा मासिक भत्ता संदत्त किया जाएगा जो प्रबंध समिति द्वारा अनुमोदित किया जाए और जो उस पद पर निर्भर कर सकेगा जिस पर स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए उसे निदेश दिया गया है।

(35) प्रारंभ और समाप्ति :

कोई भी अधिकारी उस पद का जिस पर वह नियुक्त किया गया है, वेतन उस तारीख से, जब वह उस पद का भार ग्रहण करता है, प्राप्त करेगा और पात्र वेतन उस तारीख तक प्राप्त करता रहेगा जब वह पदभार का परित्याग करेगा।

परन्तु ऐसे अधिकारी की दशा में जिसकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है, वेतन उस दिन के, जब मृत्यु होती है, आगामी दिन से संदेय नहीं रहेगा।

(36) स्थानांतरण पर अधिकारी

जब कोई अधिकारी एक पद से अन्य पद पर स्थानांतरित किया जाता है तब वह अनुध्येय कार्यग्रहण काल की अवधि के दौरान पूर्वगामी पद या पश्चात्वर्ती पद को लागू वेतन और भत्ते, जो भी कार्यग्रहण काल का उपभोग करने के समय कम हो, प्राप्त करेगा।

(37) वेतनवृद्धि संबंधी उपबंध

(1) इन या अन्य विनियमों में अन्यथा जैसा उपबंधित है, उसके सिवाय निम्नलिखित सेवा को वेतनवृद्धियों के प्रयोजन के लिए सेवा गिना जाएगा—

(क) वेतनमान वाले किसी पद में (ऐसी किसी अवधि को अपवर्जित करके जो असाधारण छुट्टी पर बिताई गई है, किन्तु ऐसी किसी अवधि को सम्मिलित करके जो चिकित्सीय आधार पर बिताई गई है) सेवा उस वेतनमान में सेवा गिनी जाएगी,

(ख) किसी उच्चतर पद में (ऐसी किसी अवधि को अपवर्जित करके जो असाधारण छुट्टी पर बिताई गई है, किन्तु ऐसी किसी अवधि को सम्मिलित करके जो चिकित्सीय आधार पर बिताई गई है) सेवा किसी निचले पद में वेतनवृद्धि के लिए गिनी जाएगी,

(ग) किसी अधिकारी द्वारा उनकी विदेश सेवा पर बिताई गई अवधि उस पद में जिसमें उस अधिकारी का धारणाधिकार है, वेतनवृद्धियों के लिए गिनी जाएगी,

(घ) उसी रैंक के किसी अन्य पद में सेवा, प्रतिनियुक्ति पर सेवा और, जहां प्रबंध समिति ऐसा निदेश देती है, असाधारण छुट्टी के अतिरिक्त छुट्टी उस वेतनमान में जिसमें अधिकारी की पुष्टि की गई है, वेतनवृद्धि के लिए गिनी जाएगी ।

(2) वह तारीख जिस पर वेतनवृद्धियां देय होंगी, प्रत्येक वर्ष में अप्रैल की पहली तारीख और अक्तूबर की पहली तारीख तक सीमित होगी ।

(3) उन अधिकारियों की दशा में जो इन विनियमों के प्रारंभ पर सेवा में है—

(क) यदि वेतनवृद्धि अप्रैल की पहली तारीख और तत्पश्चात अक्तूबर की पहली तारीख के बीच देय हो जाती है तो वह अप्रैल की पहली तारीख को और पश्चातवर्ती वर्ष में उसी दिन वेतनवृद्धि के लिए तब तक पात्र होगा जब तक कि वह दक्षता रोक पर या जहां उसने दक्षता रोक को पार कर लिया है । वहां वेतनमान के अधिकतम तक नहीं पहुंच जाता है,

(ख) यदि वेतनवृद्धि अक्तूबर के प्रथम दिन और अप्रैल के प्रथम दिन के बीच देय हो जाती है तो वह अक्तूबर के प्रथम दिन को और पश्चातवर्ती वर्ष में उसी तारीख को वेतनवृद्धि के लिए तब तक पात्र होगा जब तक कि वह दक्षता रोक पर या जहां उसने दक्षता रोक पार करती है, वेतनमान के अधिकतम पर नहीं पहुंच जाता है ।

(4) इन विनियमों के प्रारंभ के पश्चात नियुक्त अधिकारियों की दशा में, प्रथम वेतनवृद्धि अप्रैल की पहली तारीख को या अक्तूबर की पहली तारीख को, जो भी कम से कम छह मास के बीतने के पश्चात पूर्वतर आती हो, देय हो जाएगी और वह तत्पश्चात, पश्चातवर्ती वर्ष में उसी दिन तब तक पात्र होगा जब तक कि वह दक्षता रोक पर या जहां उसने दक्षता रोक पार कर ली है, वेतनमान के अधिकतम पर नहीं पहुंच जाता है ।

(5) उप-विनियम (3) या उप-विनियम (4) के अधीन प्रथम वेतनवृद्धि के मंजूर किए जाने को न तो परिवीक्षा के समाधानप्रद रूप से पूरा होने के समर्थन होने में लिया जाएगा और न यह समझा जाएगा कि उसमें सेवा में उसकी पुष्टी विवक्षित है ।

(6) किसी भी अधिकारी की किसी वेतनवृद्धि या वेतनवृद्धियों को विधारित करने वाले प्रत्येक आदेश में वह अवधि कथित होगी जिसके लिए उसे इस प्रकार विधारित किया गया है और यह घोषित होगा कि क्या विधारण का भावी वेतनवृद्धियों को स्थगित करने पर प्रभाव पड़ेगा ।

(38) उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए विशेष वेतनवृद्धि

प्रबंध समिति किसी अधिकारी को उसके कर्तव्यों में उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए या ऐसे ही किसी कारण से तब विशेष वेतनवृद्धि या वेतनवृद्धियां मंजूर कर सकेगी यदि उसका समाधान हो जाता है कि उन परिस्थितियों में उसे मंजूर करना उचित है ।

(39) प्रोन्नति पर वेतन का पुनः नियत किया जाना

किसी उच्चतर पद में प्रोन्नति पर किसी पद में नियुक्ति पर किसी अधिकारी का मूल वेतन आरंभ में वेतनमान के न्यूनतम पर या वेतनमान में उस प्रक्रम पर जो पुराने वेतनमान में उसके वेतन के ठीक ऊपर है जो भी उच्चतर हो ।

स्पष्टीकरण :

(क) इस विनियम के प्रयोजन के लिए ठीक पूर्ववर्ती पद में प्राप्त किए गए विशेष वेतन को यदि कोई हो उसके मूल वेतन का भाग माना जाएगा ।

(ख) किसी स्थानापन्न व्यवस्था की दशा में संबंधित अधिकारी केवल स्थानापन्न भत्ता प्राप्त करेगा जो पुराने वेतनमान और ऊपर यथा अवधारित नए वेतनमान में मूल वेतन के बीच के अन्तर के बराबर होगा ।

परन्तु ऐसा स्थानापन्न भत्ता नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तब घटाया जा सकेगा यदि स्थानापन्न व्यवस्था अस्थायी प्रकृति की है और उसकी राय में परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा करना उचित है ।

परन्तु यह भी कि नियुक्ति प्राधिकारी उन मामलों में जहां उसका समाधान हो जाता है कि उक्त संगणना से अन्याय होगा, एक समुचित स्थानापन्न भत्ता मंजूर कर सकेगा ।

(40) अनुदान

यदि प्रबंध समिति का उससे सुसंगत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए समाधान हो जाता है कि किसी अधिकारी को कोई पूर्णतया या प्रतिसंदेय तदर्थ या अन्य अनुदान करना आवश्यक या समुचित है तो वह अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, आदेश द्वारा उसे अनुज्ञात कर सकेगी ।

अध्याय–4

कार्य ग्रहण समय

(41) कार्य ग्रहण समय

(1) किसी अधिकारी को अपने पूर्व पद का कार्यभार त्यागने के पश्चात नए पद में कर्तव्य ग्रहण करने के लिए उसे ऐसी दशा के सिवाय जहां धारित पद और नया पद एक ही स्थान पर या 20 किलो मीटर के घेरे में हो, समर्थ बनाने के लिए कार्यग्रहण समय मंजूर किया जा सकेगा ।

(2) कार्यग्रहण समय को इन विनियमों के प्रयोजन के लिए कर्तव्य के रूप में माना जायेगा और उप-विनियम (1) के अनुसार संगणित कार्यग्रहण समय की बाबत वेतन संदेय होगा ।

(3) कार्यग्रहण समय का अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है और वह सक्षम प्राधिकारी के एकमात्र विवेकानुसार कम किया जा सकेगा । परन्तु ऐसे मामले में वहां कार्यग्रहण समय कम कर दिया गया है, सक्षम प्राधिकारी उस अधिकारी को उपभोग न किए गए कार्यग्रहण समय का किसी पश्चातवर्ती तारीख को उपभोग करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।

(42) कार्यग्रहण समय की संगणना

ऐसे सभी स्थानान्तरणों के, जिनमें स्थान का परिवर्तन होता है, मामले में कार्यग्रहण समय, तैयारी के लिए छह दिन तक होगा और वह वास्तविक यात्रा पूरी करने के लिए अपेक्षित अवधि के अतिरिक्त होगा ।

(43) कार्यग्रहण समय के पश्चात अनुपस्थिति

(1) जो अधिकारी उसे अनुज्ञात कार्यग्रहण समय के भीतर, ऐसी परिस्थितियों के सिवाय जो उसके नियंत्रण के परे है (जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस रूप में प्रमाणित की गई है), अपना पद ग्रहण नहीं करता है वह कार्यग्रहण समय के बीतने के पश्चात किसी वेतन या छुट्टी वेतन का हकदार नहीं होगा ।

(2) कार्यग्रहण समय बीतने के पश्चात कर्तव्य से जानबूझ कर अनुपस्थिति एक अवचार होगा और उस रूप में दण्डनीय होगा ।

अध्याय–5

विविध

(44) स्थापन में और से अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

(1) कोई भी अधिकारी साधारणतया, सरकार को या किसी अन्य संगठन को प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजा जाएगा और आपवादिक मामलों में जहां कोई अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर इस प्रकार भेजा जाता है वहां ऐसा प्रबंध समिति के पूर्व अनुमोदन से और अधिकारी की सहमति से होगा ।

(2) कोई भी अधिकारी साधारणतया प्रतिनियुक्ति पर तब तक नहीं भेजा जाएगा जब तक कि:—

(क) वह अधिकारी प्रोजेक्ट में कोई स्थाई पद धारण न करता हो, और

(ख) वे कर्तव्य जिनका पालन किया जाना है, ऐसे न हो कि उनका पालन प्रोजेक्ट के किसी अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है या जब तक कि वे कर्तव्य जिनका पालन किया जाना है विशेषज्ञीय ज्ञान वाले किसी विशेषज्ञ की अपेक्षा करते हो जो साधारणतया किसी अन्य स्रोत से उपलब्ध नहीं है ।

(3) जहां प्रोजेक्ट का कोई अधिकारी सरकार को या किसी अन्य संगठन को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है या उसके व्यवनीधीन रखा जाता है वहां प्रतिनियुक्ति की यह एक शर्त होगी कि नया नियोजक ऐसी प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान उस अधिकारी की सेवा का सम्पूर्ण खर्च जिसके अंतर्गत निम्नलिखित भी है, वहन करेगा, अर्थात्:—

(क) कार्यग्रहण समय के दौरान वेतन,

(ख) अधिकारी को संदेय यात्रा भत्ता जिससे कि वह नए नियोजक के आधीन अपनी नियुक्ति को ग्रहण कर सके और अपनी प्रतिनियुक्ति की समाप्ति पर प्रोजेक्ट में अपनी नियुक्ति पर वापस आ सके ।

(ग) उसे और उसके परिवार को लागू छुट्टी यात्रा रियायत फायदे,

(घ) प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान अर्जित छुट्टी के लिए अधिकारी का छुट्टी वेतन,

(ङ) भविष्य निधि स्कीम या, प्रोजेक्ट की तत्समय लागू किसी अन्य स्कीम में अधिकारी के खातें में नियोजक का अंशदान, और

